>Title: Need to clear the proposal of U.P. Government for construction of a canal from Narora Dam to Dataganj.

श्री राजवीर सिंह (आंवला): सभापति महोदय, आंवला लोक सभा क्षेत्र में दो विधानसभाएं बदायूं जिले की आती हैं और बदायूं जिले में सिंचाई के साधनों का नितांत अभाव है, इसके कारण वहां दिन-प्रतिदिन जलस्तर गिरता जा रहा है। इसका कारण वहां एक भी नहर नहीं है।

इसलिए मैं भारत सरकार से मांग करता हूं कि नरोरा बांध से एक नहर निकाली जाए जो दातागंज तक जाये। इस संबंध में एक प्रस्ताव उत्तर प्रदेश सरकार की तरफ से केन्द्र सरकार के पास आ चुका है। इस नहर के निर्माण से बदायूं जिले के किसानों को कृषि उत्पादन में लाभ मिलेगा और इसी के साथ जो जलस्तर नीचे जा रहा है वह भी रुक जायेगा।

इसलिए मैं केन्द्र सरकार से मांग करता हूं कि यथाशीघ्र सर्वेक्षण करवाया जाए और ९वीं पंचवर्षीय योजना में इसका निर्माण किया जाए।